आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/पार्ट/ दिनांकः

1.प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

2.समस्त सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय,
राजस्थान

विषयः विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तुरन्त भेजने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि 16वीं विधानसभा के प्रथम सत्र का द्वितीय चरण दिनांक 19 जनवरी 2024 से प्रारम्भ हो रहा है। सत्र में सचिवालय स्तर से विधानसभा के महत्वपूर्ण प्रश्न कटौती प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आयुक्तालय को प्राप्त होते है, जिनका उत्तर राज्य सरकार को समय पर भिजवाया जाना आवश्यक है।

यह देखने में आया है कि जब महाविद्यालयों से विधानसभा से संबंधित सूचना मांगी जाती है तो महाविद्यालयों से सूचना समय पर प्राप्त नहीं होती है। इसके अभाव में विधानसभा प्रश्न का उत्तर तैयार करने में बड़ी कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस संबंध में कृपया आप सुनिश्चित करें कि विधानसभा से संबंधित चाही गई सूचना 24 घण्टे में आयुक्तालय की संबंधित शाखा की ई–मेल आई.डी. पर भिजवा दी जावे।

ई–मेल. आई.डी. निम्नानुसार है:–

1	संयुक्त निदेशक, एच.आर.डी	hrd.cce@gmail.com
2	संयुक्त निदेशक, आयोजना	jdplan.cce@gmail.com
3	संयुक्त निदेशक, अकादमिक	jdacad1960@gmail.com
4	संयुक्त निदेशक, प्रशासन	jdadmn.cce@gmail.com
5	संयुक्त निदेशक, निजी संस्थायें	jdpi.cce@gmail.com
6	संयुक्त निदेशक, आर.वी.आर.ई.एस.	rvres.cce@gmail.com
7	संयुक्त निदेशक, रूसा	spdrusaraj@gmail.com
8	उपविधि परामर्शी	legal.cce@gmail.com
9	वित्तीय सलाहकार	cao.cce@rajasthan.gov.in
10	संयुक्त निदेशक, छात्रवृति	sch.cce@rajasthan.gov.in
11	नवाचार प्रकोष्ठ	innovation.cceraj@gmail.com
12	संयुक्त निदेशक, विधानसभा	cce.vidhansabhacell@gmail.com

इस हेतु वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी (नोड़ल अधिकारी) का मनोनयन कर उनका घर का पता, दूरभाष/मोबाईल नम्बर आदि स्प्रेडशीट "VIDHANSABHA-2024" पर दिनांक 23.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अपडेट करें। साथ ही महाविद्यालय के दूरभाष नम्बर एवं प्राचार्य की डिटेल भी अद्यतन करें।

विधानसभा के सत्र काल के दौरान प्राचार्य/जिम्मेदार नोड़ल अधिकारी अपना मुख्यालय नहीं छोड़ेगें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज. जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/पार्ट/ दिनांकः

प्रतिलिपिः वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कृपया आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज. जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.01.19 1?:23:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
5325517